हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 1 से 31 अगस्त तक ग्रामीण व शहरी बुनियादी सुविधाओं का...



14 गनियार के आंबेडकर भवन पर जबरन ताला...




# पुष्पांजलि अस्पताल

PUSHPANJALI HOSPITAL

NABH ACCREDITED

दक्षिण हरियाणा का एकमात्र सबसे बड़ा और सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल

RADIOLOGY

ULTRASOUND MACHINE | CT SCAN MACHINE



रेवाड़ी जिले में एकमात्र सर्वोत्तम एवं अत्याधुनिक सी.टी. स्कैन मशीन (16 स्लाईस) अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड डिजीटल एक्स-रे मशीन

उपलब्ध सुविधाएं:
- गुर्दे, पथरी व मूत्र रोग विशेषज्ञ
- पेट व लिवर रोग विशेषज्ञ • स्त्री रोग विशेषज्ञ
- बाल रोग विशेषज्ञ • न्यूरो सर्जरी
- हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ • ट्रामा सेंटर
- दंत रोग विशेषज्ञ • नैफ्रोलोजिस्ट
- सी.टी. स्कैन • डिजिटल एक्स-रे
- पैथ लैब जांच • कान, नाक गला रोग विशेषज्ञ

GASTRO FACILITY AVAILABLE

ERCP I ENDOSCOPY I COLONOSCOPY

किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द ही उपलब्ध



24x7 Accidental & ट्रामा Facility Available

HAPPY Doctor's day

ALL MAJOR TPA & CASHLESS FACILITIES AVAILABLE

HERO MOTOCORP I STATE BANK OF INDIA
MARUTI SUZUKI I ECHS I HARYANA GOVT.
& AAYUSHMAN BHARAT

घुटना एवं कुल्हा

Free for ECHS Panel

बदलने की विशेष सुविधा उपलब्ध



डॉ. प्रो. एस.पी. यादव
MD, PUSHPANJALI HOSPITAL
MBBS, MS (GEN. SURGERY),
MCH URO (AIIMS), SENIOR UROLOGIST



डॉ. श्रेयश यादव
CEO, PUSHPANJALI HOSPITAL
MBBS, MS (ORTHOPEDIC)
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ

1.5T



MRI MACHINE

- 1.5 टेस्ला (T) और 3 टेस्ला (T) मैग्नेट का उपयोग
- अधिक स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली इमेज
- मस्तिष्क की गतिविधियों को दर्शाने में सक्षम
- न्यूरोलॉजिकल अध्ययन में उपयोगी



शहर में डायलिसिस की सबसे बड़ी सुविधा उपलब्ध

25 BEDDED ICU & CCU

हार्ट अटैक एवं हृदय रोग संबंधित उपचार, एंजियोग्राफी (हृदय की नसों की जांच), एंजियोप्लास्टी व स्टेंटिंग, वाल्वोप्लास्टी, इकोकार्डियोग्राफी एवं टीएमटी, पेसमेकर

राजेश पायलेट चौक, गढ़ी बोलनी रोड़, रेवाड़ी | Email : pushpanjalihospitalrewari@gmail.com I PH.: 01274-353300, M. : 9671456665

C.E.O. : DR. SHREYASH YADAV I DIRECTOR : DR. S.P. YADAV I SH. RAVINDER KUMAR YADAV

## खबर संक्षेप



### कनीना में डोर-टू-डोर किया कूड़ा संग्रहण

**कनीना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका की ओर से शहर में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। यह कार्य दी आरएच कोपरेटिव एलसी सोसायटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। अभियान के तहत क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे कचरे को निर्धारित समय पर घर-घर आने वाली गाड़ी में ही डालें और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें, ताकि शहर को साफ और सुंदर बनाया जा सके। घर-घर कूड़ा उठाने से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 7082216962 जारी किया गया है।

### बुचौली में बेटी के जन्म पर मना कुआं पूजन

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचौली में मंजीत यादव के घर बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महिलाओं ने कुएं की पूजा कर नवजात के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मिशन जनसेवा समिति अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि प्रदीप यादव की पुत्रवधू हरसा ने चार मई को बेटी को जन्म दिया। परिवार ने बेटों की तरह सभी रीति-रिवाज निभाए- छठी मनाई, कुआं पूजन किया और ग्रामीणों-रिश्तेदारों को भोज कराया। इस मौके पर डीजे की धुन पर महिलाएं व युवतियां खूब थिरकीं। मंजीत यादव ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को भी बराबर सम्मान व अवसर मिलना चाहिए। मिशन जनसेवा समिति ने दंपती को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर सम्मानित किया।

## राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में नारनौल में हुई विशेष बैठक

### 4 जुलाई के आंदोलन को सफल बनाने का किया आह्वान

# कर्मचारियों की लंबित मांगों पर आर-पार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड (एचएसईबी) वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार को सिंघाना रोड स्थित एसई कार्यालय में जिला स्तरीय धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय परिषद के सहसचिव सुभाष रोहिल्ला ने की, जबकि संचालन यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव ने किया। यूनियन के केंद्रीय व राज्य स्तरीय पदाधिकारियों सहित जिले के विभिन्न सब यूनिटों से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। धरने में बिजली निगमों के कर्मचारियों की लंबित मांगों, सरकार की कर्मचारी नीतियों तथा आगामी आंदोलनों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट एवं सेंटर काउंसिल सदस्य शिव कुमार यादव, डीसीओ सतीश लांबा, महेंद्रगढ़ यूनिट प्रधान नवीन यादव, सचिव अनिल यादव एवं यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन उपरांत एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा को कर्मचारी नेताओं द्वारा एक ज्ञापन भी दिया गया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों की जायज मांगें लंबित पड़ी हैं। इस धरने का मुख्य उद्देश्य एग्री डिस्कॉम का विरोध करना, रिस्क अलाउंस, कैशलैस मेडिकल लागू करना, पुरानी पेंशन बहाल कराना, नई ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करना था। धरने में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिजली निगमों में हजारों पद रिक्त पड़े हैं, जिससे कार्यरत कर्मचारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। निगमों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, मेडिकल कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने, मेडिकल भत्ता बढ़ाने, नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने तथा वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।


नारनौल। धरने के दौरान सरकार पर गरजते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### इन्होंने लिया प्रमुखता से भाग

इस धरना प्रदर्शन में उपप्रधान राकेश, प्रेमपाल, अजय सोनी, उपप्रधान राजकुमार, सब यूनिट प्रधान शेरसिंह, सब यूनिट प्रधान प्रवीण कुमार, सब यूनिट प्रधान अजीत यादव, सब प्रधान सतनाली कृष्ण, सब यूनिट सचिव दीपक यादव, सब यूनिट प्रधान सिहमा विनीत जांगड़ा, सब यूनिट प्रधान नांगल चौधरी जितेंद्र डांगी, जेई पंकज सचिव निजामपुर, सब यूनिट सिटी टू जितेंद्र जेई, सब यूनिट प्रधान सब अर्बन चंद्रजीत यादव, सब यूनिट प्रधान सिटी सुरेंद्र यादव, सब यूनिट प्रधान अटेल बलवान यादव, जेई संजय जोशी, जेई प्रवीण, जेई अशोक यादव, जेई नवीन, जेई अमरजीत, जेई महेश, जेई कुलदीप, जेई भगवानदास, सीए संजय, सलाहकार मनोज यादव, संजीव यादव, एलएम प्रवीण यादव, एलएम योगेश समेत अनेक बिजली कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शीघ्र समाधान की मांग

धरने में विभिन्न सब यूनिटों से आए पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को भी विस्तार से रखा। नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, सतनाली, अटेली, नांगल चौधरी, निजामपुर, सिटी-1, सिटी-2, सब-अर्बन, ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन, ऑपरेशन तथा अन्य इकाइयों से जुड़े पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निगम प्रबंधन से शीघ्र समाधान की मांग की। इसके अलावा लेखा शाखा, सीए, मानव संसाधन, स्टोर, लाइन स्टाफ और तकनीकी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे भी बैठक में उठाए गए। वक्ताओं ने एचकेआरएन के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को भी गंभीरता से उठाते हुए उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन और सेवा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। धरने में आगामी आंदोलन की रणनीति पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।


नारनौल। घेराव की तैयारी के लिए पोस्टर लगाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## 4 जुलाई को सिंचाई मंत्री कैंप कार्यालय का घेराव करेंगे पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स

- कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज, कार्यालयों में लगाए पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 4 जुलाई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी स्थित कैंप कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। मंगलवार को यूनियन के जिला सचिव विजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील यादव एवं उनकी टीम ने सिंचाई विभाग की दोनों इकाइयों के कर्मचारियों से संपर्क कर आंदोलन की रूपरेखा साझा की और विभिन्न कार्यालयों में पोस्टर लगाकर कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान किया। जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने कहा कि पिछली बैठक में सिंचाई मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को जायज माना था और समाधान का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज तक किसी भी मांग पर अमल नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों के प्रति तानाशाही रवैया अपनाते हुए केवल आश्वासन दे रही है, जबकि उनकी वर्षों पुरानी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न तो कच्चे कर्मचारियों को नियमित कर रही है, न ही उन्हें जॉब सिक्योरिटी दे रही है। इसके अलावा प्रत्येक माह सात तारीख तक वेतन देने का नियम भी लागू नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों की अनेक अन्य लंबित मांगों की भी लगातार अनदेखी की जा रही है। इसी कारण राज्य कमेटी ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है।

## गैर सरकारी संगठनों की भूमिका महत्वपूर्णः अतरलाल

**नारनौल।** ग्रामीण विकास में गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह समाज के लोगों को एकजुट कर बच्चों, युवा, महिला, अनुसूचित, पिछड़ा तथा गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का सामाजिक अभियान है। ऐसे गैर सरकारी संगठनों में लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उक्त विचार प्रमुख समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल ने गांव पड़तल में बनारसी देवी सेवा फाउंडेशन के शुभारम्भ अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। फाउंडेशन के संयोजक राजेश चैधरी ने कहा कि इसके माध्यम से गरीब, बच्चों, युवा, महिलाओं को खेल, शिक्षा रोजगार, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस मौके पर मुकेश देवी, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, अंजू, रामेश्वर दयाल, अजय कुमार, रणजीत, हरकेश, दलीप सिंह, रोहताश यादव, सुनिल पंच, सतेन्द्र, धर्मपाल, राकेश यादव ने फाउंडेशन स्थापित करने के लिए संयोजक राजेश चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए फाउंडेशन की सफलता की कामना की।


नारनौल। पड़तल में फाउंडेशन का शुभारम्भ करते बसपा नेता अतरलाल।


नारनौल। बैंकर्स की बैठक लेते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

## जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक

**नारनौल।** एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बैंकर्स व आरसेटी सलाहकार समिति की समीक्षा तिमाही बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक जेपी यादव ने इस तिमाही की रिपोर्ट पेश की। बैठक के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बैंक-वार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा ऋण जमा अनुपात को न्यूनतम 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित ऋण आवेदनों का त्वरित निपटान करने, अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उन्हें ऋण देने तथा समाज के हर वर्ग के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने हर बैंक शाखा को स्टैंड-अप इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के तहत कम से कम दो लोगों को ऋण मुहैया कराने के निर्देश दिए, ताकि जमीनी स्तर पर आर्थिक उन्नति हो सके। मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक जेपी यादव ने किसानों की आय दोगुनी करने के भारत सरकार के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए बैंकों से किसानों को अधिक ऋण सुविधाएं देने की अपील की। आरसेटी के निदेशक एचआर सभ्रवाल ने वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों व आगामी वर्ष की कार्य योजना साझा की। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम आतिश तोमर सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और बैंकों के समन्वयक मौजूद रहे।

## प्रदेश में अब सिंगल-विंडो पोर्टल से ऑनलाइन मिल रही जमाबंदी और इंतकाल की सुविधाएं : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार सेवाओं और योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करने को प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राज्य के सभी भूमि रिकॉर्ड, जमाबंदी और इंतकाल की प्रक्रियाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन करते हुए एक एकीकृत सिंगल-विंडो पोर्टल से जोड़ दिया गया है।

अब ग्रामीणों को अपनी ही जमीनों के कागजात के लिए तहसील और पटवारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। इससे सरकार का राजस्व भी बड़ रहा है। श्री गोयल मंगलवार शाम सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं जन परिवेदना समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस बैठक में पहले से निर्धारित कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई। इस बैठक में रास्ते के निर्माण से जुड़े एक मामले में उन्होंने निर्देश दिए कि यदि माननीय अदालत का कोई स्थगन आदेश नहीं है, तो विकास कार्य को अविलंब पूरा करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।वहीं माण्डोला गांव में करंट लगने से जान गंवाने वाले इकलौते बेटे के बुजुर्ग माता-पिता की मुआवजा फाइल को दोबारा खोलकर उचित आर्थिक सहायता देने के लिए फिर से केस भेजने के निर्देश दिए।



नारनौल। सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परियोजना समिति की बैठक लेते राजस्व मंत्री एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल। फोटो : हरिभूमि

## 20 साल तक अनियमित रखना शिक्षकों के साथ अन्यायः अनुबंधित शिक्षक



**नारनौल।** राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ एवं हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया) के आह्वान पर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर अनुबंधित एवं अतिथि अध्यापकों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल व धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चले धरने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को तत्काल लागू करने की मांग उठाई गई। धरने की संयुक्त अध्यक्षता अमीलाल कसाना और कौशल कुमार ने की। वक्ताओं ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 27 मई 2026 को सीडब्ल्यूपी संख्या 5686-2016 (सुखविंदर सिंह एवं अन्य) मामले में स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा है कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और उन्हें 20 वर्षों तक अनियमित रखना अन्यायपूर्ण है। न्यायालय ने 16 व 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों के तहत दो माह के भीतर अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के निर्देश भी दिए हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण के पक्ष में निर्णय दे चुका है। इसके बावजूद वर्षों से सेवाएं दे रहे अनुबंधित एवं अतिथि अध्यापकों को स्थायी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए नियमितीकरण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मांग की। धरने में अतिथि अध्यापिका ज्योति यादव, प्रवीण यादव, सुमन रानी, सेवानिवृत्त संस्कृत अध्यापक सुभाष शास्त्री, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र कुमार, मोमचंद प्रधान, सुरेंद्र कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## हकेंवि के एमबीए छात्र का 9 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के एमबीए के छात्र सुमित सिंह का चयन टेम्पल कंपनी में नौ लाख रुपये वार्षिक (सीटीसी) के पैकेज पर हुआ है। यह प्लेसमेंट प्रक्रिया विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. दिव्या के नेतृत्व में आयोजित की गई, जबकि इसका समन्वय सेल के उपनिदेशक डॉ. विकास सिवाच ने किया।

इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सुमित सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी सफलताएं विश्वविद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण का प्रतिफल हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित कंपनियों का विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों पर लगातार बढ़ता विश्वास न केवल हकेवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है, बल्कि विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और व्यावसायिक दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए विश्वविद्यालय को निरंतर प्रेरित भी करता है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर डीन एलुमनाई प्रो. रंजन अनेजा द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए प्रोत्साहन एवं सहयोग की सराहना की। साथ ही प्रबंधन अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष माथुर द्वारा विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार करने के लिए प्रदान किए गए मार्गदर्शन एवं सतत मेंटरशिप की भी प्रशंसा की। विश्वविद्यालय परिवार ने सुमित सिंह को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने पेशेवर जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।


महेंद्रगढ़। प्लेसमेंट पाने वाला छात्र सुमित सिंह कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार।

## निलंबित प्रमोद, चरखी दादरी मुख्यालय रहेंगे

**नारनौल।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में विकास एवं पंचायत विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार हरियाणा के राज्यपाल की ओर से प्रमोद कुमार, जो महेंद्रगढ़ में डीसीईओ के साथ-साथ डीडीपीओ का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल रहे थे, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। डीडीपीओ को सस्पेंड करने की सिफारिश स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने की थी। सरकार के आदेश में कहा गया है कि निलंबन के पहले छह माह के दौरान प्रमोद कुमार को हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016 के नियम-83 के तहत नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें यह प्रमाणित करना होगा कि निलंबन अवधि के दौरान वे किसी अन्य नौकरी, व्यवसाय या पेशे से जुड़े नहीं हैं। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय, चरखी दादरी रहेगा। बिना उपायुक्त, चरखी दादरी की पूर्व अनुमति के वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार आईएएस की ओर से 26 जून 2026 को जारी किए गए हैं।

## पूर्व सैनिक की कार का शीशा तोड़ 2.60 लाख रुपये व दस्तावेज चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर के व्यस्त मसानी चौक के पास दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त एक बुजुर्ग की ऑल्टो कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा रुपयों से भरा बैग और सेना से जुड़े बेहद जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। बैग में 2 लाख 60 हजार रुपये की नकदी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव लावन निवासी राजकुमार ने बताया कि बीते सोमवार को वह अपनी लाल रंग की ऑल्टो कार में सवार होकर सिनेमा रोड स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकलवाने आए थे। सुबह करीब 11:10 बजे उन्होंने बैंक से 2,60,000 रुपये निकलवाए और उन्हें अपने लाल रंग के 'स्काई ब्लू' ब्रांड के बैग में रख लिया। इसके बाद वह कार से अपने गांव लावन की तरफ वापस जा रहे थे। मात्र 10 मिनट के लिए छोड़ी थी कार जब राजकुमार मसानी चौक के पास पहुंचे तो सड़क किनारे अपनी कार को लॉक करके किसी परिचित से मिलने के लिए चले गए। उन्होंने रुपयों से भरा वह लाल बैग कार की कंडक्टर सीट पर ही छोड़ दिया था। करीब 8 से 10 मिनट बाद जब वह वापस लौटे तो कार का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कार की कंडक्टर साइड की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और सीट पर रखा बैग गायब था। नकदी के साथ सेना के मेडल और सर्टिफिकेट भी चोरी पीड़ित के अनुसार, अज्ञात चोर न केवल 2.60 लाख रुपये नकद ले उड़े, बल्कि बैग में रखे कई अति-महत्वपूर्ण दस्तावेज भी चोरी हो गए। जिनमें एसबीआई बैंक की जॉइंट पासबुक, चेक बुक, डिस्चार्ज बुक डिफेंस सर्विस, आर्मी पेंशन ऑर्डर, मिलिट्री द्वारा जारी एजुकेशन सर्टिफिकेट, 10वीं और 12वीं कक्षा के ओरिजिनल मार्कशीट और सर्टिफिकेट शामिल बताए गए।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू

वारदात की सूचना मिलते ही थाना शहर महेन्द्रगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ति राजकुमार की लिखित दरखास्त के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

### मार्च 2027 तक लोगों को मिलेगा बेहतर जलापूर्ति का लाभ

## 15 करोड़ रुपये की नई पेयजल पाइपलाइन परियोजना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में लंबे समय से पेयजल संकट और जर्जर पाइप लाइनों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइनें बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग का लक्ष्य इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मार्च 2027 तक पूरा करना है। इसके पूरा होने के बाद शहर के अधिकांश इलाकों में स्वच्छ, पर्याप्त और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होने की उम्मीद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, शहर की कई पुरानी पेयजल पाइप लाइनें वर्षों पहले बिछाई गई थीं और अब उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी है। जगह-जगह पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी का रिसाव हो रहा था, जिससे न केवल बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा था, बल्कि कई स्थानों पर दूषित पानी के पाइप लाइन में मिल जाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इसके कारण लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई परियोजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख कॉलोनियों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को हटाकर नई और मजबूत पाइप लाइनें बिछाई जाएंगी। इसके साथ ही जल वितरण व्यवस्था को भी अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में समान दबाव के साथ पानी की आपूर्ति हो सके। विभाग का कहना है कि नई पाइपलाइनें लगने के बाद बार-बार होने वाली लीकेज और मरम्मत की समस्या में भी काफी कमी आएगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने परियोजना के लिए कार्य एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने और आम नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जहां-जहां खुदाई की जाएगी, वहां कार्य पूरा होने के बाद सड़कों को पहले की तरह दुरुस्त करने की भी व्यवस्था की जाएगी।

### यह कहते हैं अधिकारी

*शहर में नई पेयजल पाइप लाइन डालने व लीकेज पुरानी पाइप लाइन के बदलाव का कार्य किया जा रहा है। 15 करोड़ रुपये की मदद से शहर में नई पेयजल पाइप लाइन बिछाई जाएगी। मार्च 2027 तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।*

*-सुरेंद्र यादव, जेई, जनस्वास्थ्य विभाग, महेंद्रगढ़*

## जिला प्रशासन पारदर्शी और नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धः अनुपमा अंजली

### हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर डीसी ने ली बैठक

# एचटेट परीक्षा : जिले में कुल 22 केंद्र बनाए गए, फ्लाइंग स्क्वाड का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 के सफल और पारदर्शी संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार को लघु सचिवालय में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सेंटर सुपरवाइजर तथा अधिकारियों की एक बैठक में दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल रहित माहौल में संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने बताया कि आगामी चार और पांच जुलाई को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए महेंद्रगढ़ जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें उपमंडल नारनौल में सात और उपमंडल महेंद्रगढ़ में 15 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों के औचक निरीक्षण के लिए फ्लाइंग स्क्वाड (उड़नदस्ते) का गठन किया गया है।

***परीक्षा का समय :*** उपायुक्त ने बताया कि लेवल तीन की परीक्षा चार जुलाई को दोपहर बाद तीन से शाम पांच बजकर 30 मिनट तक होगी। लेवल दो की परीक्षा पांच जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक होगी। लेवल एक की परीक्षा पांच जुलाई को ही दोपहर तीन से शाम पांच बजकर 30 मिनट तक संचालित की जाएगी। नेत्रहीन और दिव्यांग अभ्यर्थी जो लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से कुल 50 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की एंट्री सुबह की शिफ्ट में 7:50 तथा शाम की शिफ्ट में 12:50 पर शुरू हो जाएगी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, सीईओ जिला परिषद निर्मल नगर, सीटीएम डॉ. मंगल सेन, जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कुमार शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।


नारनौल। एचटेट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली।

### महिला को मंगलसूत्र, बिंदी व सिंदूर की अनुमति

उपायुक्त ने बताया कि महिला परीक्षार्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की छूट होगी। अन्य किसी प्रकार की कोई भी चीज जैसे अंगूठी, चैन, बालियां आदि पहनने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सिख परीक्षार्थियों को धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी।

एफपीओ से सशक्त होंगे किसान

# 2 करोड़ तक की क्रेडिट गारंटी दे रही सरकार

**खास बातें**

- सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर ने ली किसान उत्पादक संगठनों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। किसान उत्पादक संगठनों की बैठक लेते सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के विजन को आगे बढ़ाते हुए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन कर रही है। जिला महेंद्रगढ़ में अब तक आठ किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन कर हजारों किसानों को इससे जोड़ा जा चुका है। अधिकारी जिला के और किसानों को इससे जोड़ें। ये निर्देश सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में दिए।

इस अवसर पर सीईओ ने बताया कि ये एफपीओ क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन संगठनों से जुड़कर किसान न केवल बिचौलियों के चंगुल से मुक्त हो रहे हैं, बल्कि उन्हें अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत सर्वश्रेष्ठ दाम मिल रहा है। उपायुक्त ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के दिशा-निर्देश दिए। एफपीओ प्रबंधन के लिए मिलने वाली 18 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का उपयोग अब पांच साल की लंबी अवधि के भीतर सुविधानुसार किया जा सकता है। किसानों के इन समूहों को बिना किसी परेशानी के बैंकों से संस्थागत ऋण मिल सके, इसके लिए सरकार की ओर से पात्र बैंकों के माध्यम से दो करोड़ रुपये तक की क्रेडिट गारंटी सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

### आपसी समन्वय के साथ पूरी ईमानदारी से करें काम: सीईओ

अब प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसी) को भी इस योजना के तहत क्रेडिट गारंटी सुविधा का सीधा लाभ उठाने के लिए एफपीओ के बिल्कुल समकक्ष दर्जा दे दिया गया है। सीईओ ने सभी क्लस्टर आधारित व्यावसायिक संगठनों (सीबीबीओ) व एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ पूरी ईमानदारी से काम करें तथा सीबीबीओ जल्द से जल्द जिला या ब्लॉक मुख्यालय पर अपने स्थायी कार्यालय स्थापित करें। इस मौके पर डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह, डीएचओ प्रेम कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद है।

# आरपीएस कॉलेज के कैडेट्स ने किया बाबा जयराम दास मंदिर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। भ्रमण करते आरपीएस कॉलेज के कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में 16वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में चल रहे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन कैडेट्स के लिए एक विशेष शैक्षणिक व आध्यात्मिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मंगलवार के निर्धारित शेड्यूल के तहत कैंप के 451 कैडेट्स ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली और बाबा जयराम दास मंदिर का दौरा किया। इस भ्रमण के लिए सुबह नौ बसों के काफिले को रवाना किया गया, जिसमें 316 छात्र और 135 छात्रा कैडेट्स शामिल थे। भ्रमण के पहले चरण में कैडेट्स को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ले जाया गया। विश्वविद्यालय परिसर के भ्रमण के पश्चात, सभी कैडेट्स को पाली स्थित प्रसिद्ध बाबा जयराम दास मंदिर ले जाया गया।इनमें कैप्टन नरेंद्र, लेफ्टिनेंट कविता, लेफ्टिनेंट अशोक, सीटीओ सुमिता, सीटीओ तमन्ना, सीटीओ प्रीतम, सीटीओ बिक्रम, सीटीओ धर्मेश और सीटीओ दीपक शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### नई अनाज मंडी को मिली खारे पानी से मुक्ति

**मंडी अटेली।** अटेली की नई अनाज मंडी और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए मंगलवार का दिन एक बड़ी राहत लेकर आया है। पिछले 30 वर्षों से इस क्षेत्र के लोग खारे पानी की समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन अब उनका मीठे पानी का इंतजार खत्म होने जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से मंगलवार को इस बहुप्रतीक्षित पेयजल परियोजना का विधिवत काम शुरू कर दिया गया है। मंत्री ने प्राथमिकता के आधार पर न केवल प्रशासनिक मंजूरी दिलाई, बल्कि इसके लिए जमीन का आवंटन भी सुनिश्चित कराया।

### दो युवकों पर 20 लड़कों ने किया हमला, केस दर्ज

**कनीना।** सिटी थाना अंतर्गत गांव सिहोर में एक वारदात सामने आई है। जहां दौड़ की प्रैक्टिस करने जा रहे दो युवकों पर दो गाड़ियों में सवार होकर आए करीब 18-20 बदमाशों ने लोहे के पाइप और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। शिकायतकर्ता जतिन निवासी सिहोर ने पुलिस को बताया कि वह 25 जून सायं करीब छह बजे वह अपने साथी योगेश के साथ गांव के खेल मैदान की तरफ अभ्यास के लिए जा रहा था। तभी पीछे से दो बोलेरो गाड़ियां आईं। जिनमें 18-20 लड़के सवार थे, जो लोहे के पाइप व लाठियां लेकर उतरे और मारपीट करने लगे।

दैनिक रेल यात्री कल्याण संघ की वर्षों पुरानी मांगों का किया समर्थन

# बेहतर रेल संपर्क से मिलेगा क्षेत्र के विकास को बल, सौंपा ज्ञापन

**नई ट्रेनों के संचालन से शिक्षा, व्यापार पर्यटन व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते संगठन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र में आधुनिक एवं बेहतर रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर आजाद चौक युवा संगठन ने मंगलवार को स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम विस्तृत ज्ञापन भेजा। दैनिक रेल यात्री कल्याण संघ की ओर से लंबे समय से उठाई जा रही जनहित की रेल मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि इन मांगों के पूरा होने से नारनौल, महेंद्रगढ़ तथा आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में क्षेत्र के विद्यार्थी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा, नौकरीपेशा कर्मचारी, व्यापारी एवं आम यात्री देश के विभिन्न हिस्सों में आवागमन के दौरान पर्याप्त रेल सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। यदि प्रस्तावित रेल सेवाएं शुरू की जाती हैं, तो क्षेत्र का उत्तर, पश्चिम, मध्य एवं दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों से सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। संगठन ने अपने ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आग्रह किया। पहली मांग के तहत जयपुर-रींगस-नीमकाथाना-नारनौल-रेवाड़ी-दिल्ली होते हुए हरिद्वार अथवा श्री माता वैष्णो देवी (कटरा) तक नई दैनिक रेल सेवा शुरू करने की मांग की गई। दूसरी मांग में दिल्ली-कोटा-इंदौर-भोपाल तथा दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों के लिए नारनौल-रेवाड़ी मार्ग से नई रेल सेवा संचालित करने का अनुरोध किया गया। वहीं तीसरी मांग के रूप में ट्रेन संख्या 22451/22452 बांद्रा टर्मिनस-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दैनिक संचालन सुनिश्चित करने की अपील की गई, ताकि यात्रियों को सप्ताह के सभी दिनों में नियमित रेल सुविधा उपलब्ध हो सके।

### रोजगार एवं निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी

ज्ञापन में कहा कि इन रेल सेवाओं के शुरू होने से क्षेत्र के उद्योग, व्यापार, शिक्षा, पर्यटन तथा धार्मिक यात्राओं को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रोजगार एवं निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और क्षेत्र का समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास भी गति पकड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान आजाद चौक युवा संगठन के प्रधान लोकेश निर्मल, सचिव भगत सिंह सैनी व सदस्य अशोक सैनी उपस्थित रहे। इनके साथ दैनिक रेल यात्री कल्याण संघ के सचिव एडवोकेट महावीर जैन, सदस्य एडवोकेट अमन जैन, सदस्य अमन सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। अंत में संगठन ने केंद्र सरकार एवं रेलवे प्रशासन से जनभावनाओं और क्षेत्र की वर्षों पुरानी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र को देश के प्रमुख रेल नेटवर्क से मजबूत और नियमित रेल संपर्क प्राप्त हो सके।

### यात्रियों के लिए राहत भरी खबर

**नारनौल।** जिले के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। गर्मी की छुट्टियों व बढ़ी हुई यात्री संख्या को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने विभिन्न रेल सेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाने का फैसला किया है। इसका लाभ महेंद्रगढ़ जिले से जुड़े रेवाड़ी, नारनौल, अटेली व आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को मिलेगा। रेलवे के अनुसार जुलाई माह में जिले के यात्रियों की ओर से सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले रेवाड़ी रेलखंड की कई ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। इनमें मदार-रेवाड़ी-मदार (19617/19618) ट्रेन में एक से 31 जुलाई तक पांच द्वितीय साधारण श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाएंगे। वहीं 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा चेतक एक्सप्रेस में दिल्ली सराय से एक जुलाई से 31 जुलाई तक तथा उदयपुर सिटी से दिनांक दो जुलाई से एक सितंबर तक एक थर्ड एसी व एक द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसी तरह रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी (19619/19620 व 19621/19622) ट्रेनों में भी पूरे जुलाई माह के दौरान पांच-पांच द्वितीय साधारण श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बों की व्यवस्था की गई है। वहीं रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी (59631/59632) ट्रेन में भी एक से 31 जुलाई तक पांच अतिरिक्त साधारण श्रेणी के डिब्बे लगाए जाएंगे, जिससे दैनिक यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल (09635/09636) में भी पूरे जुलाई माह के दौरान पांच अतिरिक्त साधारण श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। वहीं भिवानी-कालका, भिवानी-ढेहर का बालाजी और भिवानी-मथुरा रेल सेवाओं में भी अतिरिक्त डिब्बों की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को मिलेगा, क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री इन ट्रेनों का उपयोग रेवाड़ी व भिवानी के माध्यम से करते हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और बढ़ती भीड़ को देखते हुए कुल 55 जोड़ी रेल सेवाओं में 147 अतिरिक्त डिब्बें अस्थायी रूप से लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों को सीट उपलब्ध होने की संभावना बढ़ेगी और सफर अधिक सुविधाजनक होगा।

**न्यूज डायरी**



### श्रीखालड़ा धाम पर लगाया ठंडा-मीठा जल कुटीर

**नारनौल।** भीषण गर्मी व उमस के बीच मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गांव सेका के युवाओं व ग्रामीणों ने समाजसेवा का एक प्रेरणादायक अभियान शुरू किया हुआ है। सेवा का संगम अभियान के तहत समस्त ग्रामवासी सेका एवं युवा शक्ति फाउंडेशन सेका के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री खालड़ा धाम पर प्रत्येक मंगलवार ठंडा-मीठा जल कुटीर लगाया जा रहा है। इस सेवा का उद्देश्य धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी में शीतल जल और मीठा शरबत उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाना है। जल कुटीर पर सुबह से दोहपर संस्था के सदस्य पूरी निष्ठा और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। हनुमान मंदिर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सम्मानपूर्वक उन्हें ठंडा एवं मीठा शरबत पिलाया जा रहा है। इस पुनीत सेवा कार्य को सफल बनाने में संस्था के प्रधान वेदप्रकाश, कोषाध्यक्ष प्रदीप, संरक्षक राजवीर, रोहित यादव, मयंक, पंकज यादव, सचिन जलोहा आदि मौजूद थे।

### विधायक ने डी-वॉटरिंग योजना का किया शुभारंभ



**महेंद्रगढ़।** गांव बसई एवं अकोदा गांवों में लंबे समय से बनी हुई अपशिष्ट जल वेस्ट वॉटर की समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक कंवर सिंह यादव ने हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की डी-वॉटरिंग योजना का शुभारंभ किया। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस योजना से दोनों गांवों के ग्रामीणों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यकारी अभियंता आशुतोष यादव, उपमंडल अधिकारी पंकज कुमार, कनिष्ठ अभियंता रिंकू यादव, विकास यादव एवं सोमदत्त सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बसई एवं अकोदा गांवों में वेस्ट वॉटर की समस्या लंबे समय से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी।

### सुपरवाइजर ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण



**सतनाली मंडी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचक पंजियन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी के मार्गदर्शन में सुपरवाइजर विजय कुमार पारीक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का जायजा लिया। सुपरवाइजर विजय कुमार पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को उन्होंने सतनाली मंडी के बूथ नंबर आठ, बूथ नंबर नौ, बूथ नंबर 10, बूथ नंबर 11, बूथ नंबर 12, बूथ नंबर 13, बूथ नंबर 14 व सतनाली बास के बूथ नंबर 20, बूथ नंबर 21 तथा बीरसिंह बास के बूथ नंबर 22 का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ के कार्य की प्रशंसा करते हुए आमजन से अपील की कि जल्द से जल्द अपने फॉर्म, फोटो व आवश्यक संबंधी डॉक्यूमेंट अपने बीएलओ को जमा करवाएं, ताकि सत्यापन का कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जा सके।

### पल्स पोलियो अभियान का 99 फीसदी लक्ष्य पूरा



**नारनौल।** जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत एक लाख से अधिक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य था। इसके तहत अब तक कुल लक्ष्य का 99 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को खुद उपायुक्त अनुपमा अंजली ने अपने बच्चे को पोलियो रोधी दवा पिलवाई। इस अवसर पर डीसी ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को इस अभियान को जोर-जोर से चलने के लिए तथा सफलतापूर्वक संपन्न करवाने पर बधाई दी। इस दौरान डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



निजामपुर। गांवड़ी जाट में युवाओं से संवाद करते जेजेपी के पदाधिकारी।

## राजनीतिक दल की असली ताकत होते हैं कार्यकर्ताः प्रमोद ताखर

**निजामपुर।** जननायक जनता पार्टी के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर, विधानसभा प्रभारी विनोद यादव, प्रदेश सचिव हजारीलाल लंबोरा की अगुवाई में सरेली, गांवड़ी जाट, नांगल दर्गू और मूसनोता गांव में चाबी विद सेल्फी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं और युवाओं से संवाद कर संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए युवाओं से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। कहा कि प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है। पढ़ाई पूरी करने के बावजूद युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। वहीं विभिन्न सरकारी विभागों में व्याप्त अव्यवस्था के कारण लोगों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के कारण आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है।

### तोबड़ा में कम वोल्टेज से ग्रामीण परेशान



मंडी अटेली। बिजली कार्यालय में शिकायत देने पहुंचे ग्रामीण।

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव तोबड़ा में पिछले कई महीनों से बिजली की कम वोल्टेज की समस्या के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर ग्राम पंचायत तोबड़ा की सरपंच आशा कुमारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय अटेली शिकायत देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया कि करीब छह महीनों से गांव में बिजली का वोल्टेज बेहद कम आ रहा है जिससे कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम में यह समस्या बच्चों और बुजुर्गों के लिए और भी अधिक कष्टदायक बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले भी कई बार विभाग को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कम वोल्टेज के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर रात्रि के समय स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे घरेलू कार्य बाधित होते हैं।

## विविधता में एकता की अनूठी मिसाल बना सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर

- भव्य समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागी सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। यूथ फॉर माय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम पर आधारित शिविर में मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। शिविर का सफल संचालन स्टेट नोडल ऑफिसर दिनेश कुमार शर्मा व जिला कोर्डिनेटर चरण सिंह बडेसरा द्वारा किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों ने सात दिनों तक सहभागिता कर राष्ट्रीय अखंडता का अनुपम संदेश दिया। मुख्यातिथि चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि यह शिविर युवाओं में उच्च चरित्र निर्माण, निस्वार्थ समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम रहा।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जनगणना के दूसरे चरण को लेकर निदेशक ने डीसी अनुपमा अंजली से की वीडियो

जिला स्तर पर योजना बनाने में काम आएगा आंकड़ाः उपायुक्त

# 1 से 31 अगस्त तक ग्रामीण व शहरी बुनियादी सुविधाओं का जुटाया जाएगा प्रमाणिक डेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

जनगणना के दूसरे चरण को लेकर मंगलवार को जनगणना निदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उपायुक्त अनुपमा अंजली जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से मौजूद रहीं। बैठक के बाद डीसी ने बताया कि यह चरण एक से 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान मुख्य रूप से जिलों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं तथा प्रशासनिक आंकड़ों को इकट्ठा और अपडेट किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि इसके तहत गांव में स्कूल, कॉलेज, औषधालय या अस्पताल की उपलब्धता, पीने के पानी के स्रोत और बिजली आपूर्ति की स्थिति तथा पक्की सड़कें, बस स्टॉप, डाकघर और इंटरनेट/मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक, एटीएम, राशन की दुकान और खेल के मैदान जैसी व्यवस्थाओं की गणना की जाएगी।

इसी प्रकार शहर की टाउन डायरेक्ट्री में शहरी क्षेत्रों या कस्बों के लिए बुनियादी ढांचे से जुड़ी जानकारियों का मिलान और प्रविष्टि की जाती है। इसमें शहर का इतिहास, नागरिक सुविधाएं, और झुग्गी-झोपड़ियों की स्थिति, चिकित्सा, शैक्षणिक और मनोरंजन से जुड़ी व्यवस्थाएं तथा बैंकिंग सुविधाएं और उद्योग-व्यापार से जुड़े आंकड़े जुटाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह जनगणना डिजिटल माध्यम से हो रही है। ऐसे में अधिकारी इस अवधि में मोबाइल ऐप के जरिए स्थानीय स्तर पर फॉर्म भरेंगे।

### अधिकारियों की कराई जाएगी ट्रेनिंग

उपायुक्त ने बताया कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिक तैयार होने वाली रिपोर्ट किसी भी जिले का सबसे प्रामाणिक दस्तावेज होती है। इसका उपयोग सरकारें जिला स्तर पर योजनाएं बनाने, स्कूल-अस्पताल जैसी नई सुविधाएं स्वीकृत करने और बजट का सही आवंटन करने के लिए करती हैं। डीसी ने बताया कि इसके लिए जिले में राजस्व विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। आगामी 20 से 25 जुलाई तक सभी चार्ज लेवल अधिकारियों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। यह कार्य 31 अगस्त तक पूरा किया जाना है। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नारनौल।** शहर में मंगलवार सुबह एक रेल हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला चेतक एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव भोजावास निवासी करीब 40 वर्षीय हरीश कुमार मंगलवार तड़के किसी काम से नारनौल आ रहा था। सुबह करीब ढाई बजे वह नांगल चौधरी फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान फुलेरा की ओर से तेज गति से आ रही उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला चेतक एक्सप्रेस की चपेट में आ गया।





**THE Kanina Co. op. Mktg. Cum Processing Society Ltd.**
RAILWAY ROAD KANINA - 123027 (Haryana). M.No. 7015950882

**सार्वजनिक सूचना**

आम जन / सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी कनीना सहकारी विपणन समिति लि० कनीना (महेंद्रगढ़) के निदेशक मंडल की अवधि दिनांक 04-08-2024 को समाप्त हो चुकी है। समिति के निदेशक मंडल के चुनाव हेतु समिति के 6 जोन निश्चित किये गए है तथा समिति की वोटर लिस्ट तैयार की जा चुकी है जोकि समिति की जोनल कमेटी द्वारा अस्थाई रूप से अनुमोदित की जा चुकी है अनुमोदित वोटर लिस्ट का प्रदर्शन दिनांक 30-06-2026 से 18-07-2026 तक निम्नानुसार स्थानों पर किया जा रहा है ।

1. कार्यालय दी कनीना सहकारी विपणन समिति लि० कनीना में
2. कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां महेंद्रगढ़ में
3. कार्यालय उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां भिवानी में
4. कार्यालय दी महेंद्रगढ़ जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, रेलवे रोड महेंद्रगढ़ की शाखा कनीना में

मतदाता सूचि के सम्बन्ध में आपतियां प्रबंधक दी कनीना सहकारी विपणन समिति लि० कनीना को दिनांक 18-07-2026 शायं 5 बजे तक प्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है 18-07-2026 सांय 5 बजे के बाद कोई भी आपतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

हस्ता/-प्रबंधक
दी कनीना सहकारी विपणन समिति लि.
कनीना

# वर्दी की मौजूदगी में भी बिजली कर्मियों से मारपीट, पुलिस कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

## खरकड़ा बास गांव में 20 जून को बिजली कनेक्शन के लिए गए कर्मियों को पीटने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

सब डिवीजन के गांव खरखड़ा बास में घरेलू बिजली कनेक्शन को लेकर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में उपजे विवाद ने कानून एवं व्यवस्था पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। बता दें कि खरकड़ा बास निवासी सुंदरलाल ने घरेलू बिजली कनेक्शन लेने के लिए बीते अप्रैल माह में ऑनलाइन आवेदन किया था। जिस पर बिजली निगम कार्यालय कनीना की ओर से कनेक्शन को मंजूरी देकर पखवाड़े भर बाद लाइनमैन को मीटर लगाने के लिए भेजा।

जहां पहले से मौजूद ग्रामीण सुरेंद्र सिंह व उसके परिजनों ने एलएम को धमकाते हुए कनेक्शन नहीं करने दिया। दूसरी बार एलएम जेई को साथ लेकर मौका पर गया, जहां तनाव का माहौल पैदा होने पर कर्मचारी बैरंग ही वापस लौट गए। कर्मचारियों ने सारे हालात एसडीओ को बताए। निगम के एसडीओ ने 18 जून को कनेक्शन करने के लिए पुलिस फोर्स की मांग को लेकर एसपी को पत्र लिखा। 20 जून को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में बिजली निगम कर्मचारी कनेक्शन करने पहुंचे। जहां पहले से तैयार खड़े सुरेंद्र सिंह, ललिता देवी, रविंद्र सिंह व मनीषा ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि खंभे पर लगाया मीटर भी खोलकर फेंक दिया और बिजली कर्मचारी अजीत सिंह को भी खंभे से गिरा दिया। जिससे वह घायल हो गया। करीब 15-20 पुलिस कर्मचारी वहां पर मूकदर्शक बनकर देखते रहे। जिससे आरोपितों के हौसले बुलंद रहे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद ड्यूटी पर तैनात बिजली निगम कर्मचारियों पर हमला किया गया, जिसे कानून के रखवाले आंखे बंद कर देखते रहे। कार्रवाई की मांग को लेकर अब बिजली कर्मचारी लामबंद होने लगे हैं।



कनीना। बिजली कनेक्शन के लिए खरकड़ा बास में मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारी। (फाइल: फोटो)

### सख्त कार्रवाई की जाएगी: एसपी

इस बारे में पुलिस अधीक्षक दीपक ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। शांति व सुरक्षा को भंग करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। खरखड़ा बास प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। जिसकी जांच कराई जाएगी। कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्तियों सहित सुरक्षा में चूक बरतने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### मामले की वीडियो पुलिस को दी

पीड़ित सुंदरलाल ने कहा कि जैसे ही बिजली निगम की टीम मौके पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद सुरेंद्र, उनकी पत्नी ललिता, बेटे रविंद्र और बेटी मनीषा ने सरकारी काम में बाधा डालनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने खाकी की परवाह किए बिना हाथापाई शुरू कर दी। ललिता ने बिजलीकर्मी अजीत पर ट्रांसफार्मर के पास हमला कर नीचे गिरा दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोटें आई। जिसे उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोपितों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की। इस पूरे प्रकरण की वीडियो भी बिजली निगम की ओर से पुलिस को दी गई है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब पुलिस की सुरक्षा घेरे में ही सरकारी कर्मचारी सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें पीटा जा रहा है, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा? क्या पुलिस प्रशासन का खौफ अपराधियों और उपद्रवियों के मन से पूरी तरह खत्म हो चुका है? अब यह देखना बाकी है कि पुलिस प्रशासन अपने सामने हुए इस दुस्साहस पर क्या कानूनी कार्रवाई करता है या फिर प्रशासन की इस भारी लापरवाही व नाकामी को हमेशा की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा।

### क्या कहते हैं बिजली निगम एसडीओ

इस बारे में बिजली निगम क एसडीओ उमेश वर्मा ने बताया कि घायल बिजली कर्मचारी अजीत सिंह की मेडिकल रिपोर्ट व वीडियोग्राफी के साथ सदर थाना में शिकायत दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन भी लंबित पड़ा है।

# नगरपालिका अटेली के जेई मनीष कुमार निलंबित

**मंडी अटेली।** नगरपालिका अटेली में तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) मनीष कुमार को विभागीय अनियमितताओं और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह कार्रवाई प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। जानकारी के अनुसार नगरपालिका कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कुछ मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी और विभागीय नियमों के पालन में अनियमिताएं बरती जा रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उच्च स्तर से मामले की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित कर्मचारी द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने और कार्य के प्रति उदासीनता पाए जाने पर विभाग ने उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया। प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के लिए विभाग ने नांगल चौधरी के जेई सुनील कुमार को अटेली नगरपालिका का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि नगरवासियों को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिले इसके लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी कार्यों में पारदर्शिता और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी।

- **सुनील कुमार को मिला अतिरिक्त कार्यभार**

# आज पांच गांवों की बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कनीना।** गांव बाघोत में नई 33 केवी विद्युत लाइन बिछाने के कार्य के चलते बुधवार को पांच गांवों की बिजली आपूर्ति निर्धारित समय के लिए बाधित रहेगी। बिजली निगम के अनुसार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी, ताकि निर्माण कार्य सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। बिजली कटौती से प्रभावित होने वाले गांवों में करीरा, कोटिया, भड़फ, गाहड़ा व बाघोत शामिल हैं।

## धार्मिक रूप देने के विरोध में फूटा गुस्सा, डीसी व एसपी को सौंपा ज्ञापन

# गनियार के आंबेडकर भवन पर जबरन ताला लगाने पर आक्रोश

*तत्काल अवैध कब्जा हटाकर दोषियों पर दर्ज हो एफआईआर, अन्यथा बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा बहुजन समाज*

6 लाख के फंड हेराफेरी की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव गनियार में कुछ लोगों की ओर से सार्वजनिक आंबेडकर भवन पर जबरन ताला लगाने, उसकी तारबंदी हटाने तथा भवन के भीतर व बाहर धार्मिक आड़ में मंदिर स्थापित कर अवैध कब्जा करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति का मूल स्वरूप बदलकर उसे मंदिर का रूप देने की इस हरकत के खिलाफ मंगलवार को बहुजन समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व गनियार गांव के प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला मुख्यालय पहुंचे।

यहां उपायुक्त के नाम सीटीएम डॉ. मंगल सेन, पुलिस अधीक्षक दीपक व अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के जिला योजना अधिकारी शीलक राम को ज्ञापन सौंपा। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्परता से कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि आंबेडकर भवन की यह सार्वजनिक संपत्ति है, क्योंकि इस भवन के निर्माण के लिए 12 अप्रैल 2017 को पूर्व पार्षद सुनीता वर्मा ने अपने स्वैच्छिक कोटे से छह लाख की राशि स्वीकृत की थी, जिसके बाद वर्ष 2020 में बीडीपीओ अटेली द्वारा इसका निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया था। इसके अतिरिक्त भवन की चारदीवारी का निर्माण भी ग्राम पंचायत द्वारा ही करवाया गया था और जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार के प्रयासों से जिला परिषद ने 11,75,000 की लागत से टीनशेड का कार्य संपन्न कराया था।



नारनौल। सीटीएम मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### वित्तीय हेराफेरी का आरोप

ज्ञापन में एक बड़े घोटाले का अंदेशा जताते हुए खुलासा किया गया कि अगस्त 2024 में आंबेडकर भवन की टायल ट्रेसिंग कार्य के लिए जिला परिषद से छह लाख की राशि जारी की थी। गनियार गांव के पूर्व पंच प्रभुदयाल व बनवारीलाल का आरोप है कि इस राशि को नियमों के विरुद्ध आंबेडकर भवन में न लगाकर बालाजी मंदिर के परिसर में लगा दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने इस वित्तीय हेराफेरी की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवाने की पुरजोर मांग की है।



नारनौल। एसपी दीपक को ज्ञापन सौंपते संगठन पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख

गनियार गांव के पूर्व पंच प्रभुदयाल व बनवारीलाल ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गांव का गरीब तबका कुछ दबंगों की इस तानाशाही व मनमानी के कारण स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस कृत्य से गांव का सामाजिक सौहार्द और भाईचारा पूरी तरह बिगड़ने का अंदेशा पैदा हो गया है। उन्होंने प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि यदि नागरिकों के साथ सुरक्षा के अभाव में कोई भी अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।
*मुख्य मांगें :* आंबेडकर भवन से अवैध कब्जे, ताले, भगवाकरण व अवैध रूप से टीनशेड के नीचे और आंबेडकर भवन के पीछे स्थापित शनिदेव व मातारानी के मंदिर को तुरंत हटाया जाए, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले व सामाजिक शांति भंग करने वाले आरोपितों के खिलाफ तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन ने आरोपितों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो समस्त बहुजन समाज और गनियार गांव के नागरिक आगामी बड़ी रणनीति बनाकर बड़ा आंदोलन शुरू करने पर विवश होंगे।

### गांव में सौहार्द बिगड़ने का अंदेशा

गनियार गांव के पूर्व पंच प्रभुदयाल व बनवारीलाल ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गांव का गरीब तबका कुछ दबंगों की इस तानाशाही व मनमानी के कारण स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस कृत्य से गांव का सामाजिक सौहार्द और भाईचारा पूरी तरह बिगड़ने का अंदेशा पैदा हो गया है। उन्होंने प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि यदि नागरिकों के साथ सुरक्षा के अभाव में कोई भी अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।
*मुख्य मांगें :* आंबेडकर भवन से अवैध कब्जे, ताले, भगवाकरण व अवैध रूप से टीनशेड के नीचे और आंबेडकर भवन के पीछे स्थापित शनिदेव व मातारानी के मंदिर को तुरंत हटाया जाए, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले व सामाजिक शांति भंग करने वाले आरोपितों के खिलाफ तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन ने आरोपितों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो समस्त बहुजन समाज और गनियार गांव के नागरिक आगामी बड़ी रणनीति बनाकर बड़ा आंदोलन शुरू करने पर विवश होंगे।

गंगा सहाय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
ADVANCED ICU & LATEST TECHNOLOGY
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
24x7 AMBULANCE FACILITY
INFERTILITY
GYNECOLOGICAL SURGERY
LAPROSCOPIC SURGERY
गुर्दे की पथरी एवं मूत्र रोग संबंधित समस्त प्रकार की चिकित्सा सुविधा विशेषज्ञ यूरोलॉजिस्ट द्वारा नियमित उपलब्ध




आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत मुफ्त ऑप्रेशन करवाने की सुविधा
गर्भवती महिलाओं की ओ.पी.डी. हर महीने की 9 तारीख को मुफ्त की जाती है।
» बी.पी.एच. » प्रोस्टेट कैंसर » पथरी
CYSTOSCOPY & HYSTEROSCOPY पर विशेष छूट







गंगा सहाय मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. हेमेश्वर गुप्ता व डॉ. कविता गुप्ता दैनिक भास्कर हेल्थ अवार्डस् 2025 में स्वास्थ्य मंत्री, आरती सिंह राव द्वारा सम्मानित होते हुए

"काव्या सुकन्या योजना के तहत अस्पताल में जन्मी हर बेटी के अभिभावक को अस्पताल द्वारा 1100/- रूपये की राशि से सुकन्या योजना का खाता खुलवाकर उपहार स्वरूप दिया जाता है।"

हेल्थ इंश्योरेंस के कार्ड धारकों के लिए कैश लेस इलाज
TPA LIST OF EMPANELMENT
• Future Generali Insurance.
• East West Assist Tpa Pvt Ltd. • Aps Health 4u Pvt Ltd.
• Rothshield Healthcare (tpa) Services Ltd.
• Shark Tpa Services Pvt • Ericson Tpa pvt. Ltd.
• Good Health Plan Services Tpa Pvt Ltd
• Md India Health Care Tpa Pvt Ltd.
• Vipul Medicorp Tpa • Med Save Tpa Pvt Ltd.
• Liberty Videcon Insurance Co. • Tata Aig Insurance Co.
• Bharti Axa Life Insurance Co. • Anyuta Tpa Pvt. Ltd.
• Safeway Tpa Services.
• ICICI Lombard Health Insurance.
• Go Digit General Insurance Limited
• Genins India Insurance Tpa Ltd.
• United Healthcare Parekh Insurance Tpa Pvt.ltd.
• Health Checkup Of All Insurance Company.
• Universal Sompo General Insurance Company Limited
• Health India Tpa • Anmol Medicare (tpa) Ltd.
• Spurthi Meditech (tpa) Solutions Pvt. Ltd.
• Grand Health Services Tpa Pvt.
• Dedicated Healthcare Services Tpa pvt. ltd
• Happy Insurance Tpa pvt. ltd
• Bridges Health Care Federation
• Focus Tpa Pvt. ltd. • Vidal Healthcare Tpa
• Sun Rise Medicrop Tpa Pvt Ltd
• Fhpl Tpa Pvt Ltd.Bajaj Allianz Health Insurance Co.
• Cigna T.t.k Health Insurance Co.
• Medi Assist India Tpa Pvt. Ltd.
• Sbi General Health Insurance.
• Care Health Insurance. • Chola Ms General Insurance
• Raksha Health Insurance Tpa Pvt. ltd

अब पेट, आंत एवं लीवर रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी 24x7 उपलब्ध
वजन घटाने, भोजन नली-आंत की रुकावट, कैंसर स्टेंटिंग, एंडोस्कोपी, दर्द प्रबंधन, एंटी-रिफ्लक्स इलाज, लिवर ट्रांसप्लांट और गैस्ट्रो इमरजेंसी सेवाएं अब अत्याधुनिक तकनीक से उपलब्ध।
असाध्य नहीं बवासीर और गुदा रोग
- यदि शौच में खून आता है तथा मस्से बाहर आते हैं
- यदि शौच करते समय गुदा में दर्द या जलन होना।
- यदि मल द्वारा के बाहर फुंसी है व मवाद गिरता है।
- अस्पताल में गुदा रोगों की दूरबीन व एंडोस्कॉपी से जांच तथा बवासीर, नासूर, फिस्टूला, फिशर, मस्सों व कैंसर की सभी बिमारियों का आधुनिक विधि व दवाईयों द्वारा स्थाई ईलाज की सुविधा उपलब्ध है।




सुविधाएं: • जनरल व लेप्रोस्कोपी सर्जरी
• पथरी का आप्रेशन • ERCP
• छाती, हृदय, पेट का ऑप्रेशन
• संबंधित ऑप्रेशन • हर्निया का ऑप्रेशन
• पित्त की पथरी का आप्रेशन
• अपेंडिक्स का ऑप्रेशन • आँख का ऑप्रेशन
• हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण का आप्रेशन
• दुर्घटना संबंधित आप्रेशन
• } नवजात शिशु व बाल रोग

नेत्र रोग — डॉ. सत्येन्द्र M.D.
जनरल सर्जन — डॉ. विनित कुमार M.S.
आर्थोपेडिक — डॉ. मनीष M.S.
क्रिटीकल केयर — डॉ. रवि M.D.
जनरल मेडिसन — डॉ. भूपेन्द्र सिंह
पैथोलॉजी — डॉ. नीलाक्ष कौल M.D.
न्यूरो सर्जरी — डॉ. मनीष M.S. D.N.B.
कैंसर रोग विशेषज्ञ — डॉ. कौशल यादव M.S. M.C.H. दूसरे व चौथे शुक्रवार
यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन — डॉ. अंकित गुप्ता M.S. M.C.H. प्रत्येक सोमवार
मूत्र एवं गदूद रोग — डॉ. अशोक गुप्ता M.S. M.C.H. प्रत्येक शुक्रवार, डॉ. दिपांशु M.S. M.C.H.
लेप्रोस्कोपिक सर्जन — डॉ. विनित M.S.
गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ — डॉ. सुक्रित सिंह सेठी DM (Gastroenterology)

पता : सैक्टर-3, हुड्डा बाईपास, हाऊसिंग बोर्ड के सामने, रेवाड़ी
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- Ph. 01274-261066, Mob. 9896273834
मूत्र रोग विशेषज्ञ। गेस्ट्रो रोग विशेषज्ञ। लिवर रोग व ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ। नेत्र रोग। हड्डी रोग। मेडिसन रोग
दूरबीन द्वारा घुटने एवं कंधे की समस्याओं का ईलाज। IUI, IVF की विशेष सुविधा। बांझपन से पीड़ित नव दंपतियों के जीवन में नई चमक